# प्रैक्टिस सैट-1

## भाग-1
## सामान्य मानसिक योग्यता

**1.** निम्न विकल्पों में से विषम को चुनिए—
(A) LEAN (B) LIEN
(C) LINE (D) NILE

**2.** निम्न में से बेमेल को पहचानिए—
बोलना, सोना, चलना, खाना
(A) चलना (B) बोलना
(C) खाना (D) सोना

**3.** निम्न में से विषम का चयन कीजिए—
दही, मक्खन, तेल, पनीर, क्रीम
(A) क्रीम (B) पनीर
(C) तेल (D) दही

**4.** वैभव दो दिनों में 10 पूड़ी तथा सौरभ एक दिन में 20 पूड़ी खाता है। वैभव और सौरभ मिलकर, 250 पूड़ियाँ कितने दिनों में खाएँगे ?
(A) 25 (B) 20
(C) 10 (D) 12

**5.** निम्न श्रृंखला में गलत पद को पहचानिए—
3, 10, 27, 4, 16, 64, 5, 25, 125
(A) 27 (B) 10
(C) 4 (D) 3

**6.** निम्न श्रृंखला को पूर्ण कीजिए—
2, 7,16, ?, 46, 67, 92
(A) 32 (B) 29
(C) 31 (D) 25

**7.** एक कॉलेज में छात्रों की संख्या में हर साल वृद्धि हो रही है। दी गई सूचना के आधार पर कॉलेज में 2018 में छात्रों की संख्या ज्ञात कीजिए—

| वर्ष | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 520 | 523 | 529 | 538 | 550 | ? |

(A) 15 (B) 565
(C) 559 (D) 575


**8.** यदि TEACHER को VGCEJGT लिखा जाए, तो CHILDREN कैसे लिखा जाएगा ?
(A) EJKNEGTP (B) EGKNFITP
(C) EJKNFGTO (D) EJKNFTGP

**9.** किसी कूट भाषा में 926 का अर्थ 'अपनी टाई क्लिप' है, 175 का अर्थ 'सुराख और बटन है' तथा 297 का अर्थ 'टाई क्लिप बटन हैं' है, तो उस भाषा में बटन का अर्थ क्या होगा ?
(A) 7 (B) 6
(C) 2 (D) 9

**10.** A, B और C की औसत आयु 18 वर्ष है। यदि B दो वर्ष A से बड़ा है और C से पाँच वर्ष छोटा है, तो C की क्या आयु है ?
(A) 22 वर्ष (B) 23 वर्ष
(C) 24 वर्ष (D) 25 वर्ष


**11.** यदि शहर को गाँव कहा जाए, गाँव को जंगल, जंगल को सोफा, सोफा को फ्रिज और फ्रिज को कमरा कहा जाए, तो हिरण कहाँ रहता है ?
(A) गाँव (B) सोफा
(C) फ्रिज (D) कमरा

**12.** उस आकृति को चुनिए, जो प्रश्न में दिए गए वर्गों को अच्छी तरह दर्शाती हो।
शिक्षक, अनुसंधानकर्ता, वैज्ञानिक



(A) (B) (C) (D)


**13.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए—




(A) 36 (B) 32
(C) 26 (D) 42


**14.** X, Y और Z तीनों मित्र हैं, जिसमें X उम्र में सबसे बड़ा है, उससे छोटा Y है और उससे छोटा Z है। X, Y से दो वर्ष और Z से पाँच वर्ष बड़ा है। वर्तमान में X और Z की उम्र का योग, Y की 5 वर्ष पूर्व आयु के तीन गुने के बराबर है। वर्तमान में Y की उम्र क्या है ?
(A) 14 वर्ष (B) 12 वर्ष
(C) 16 वर्ष (D) 18 वर्ष

**15.** नीचे पासे की तीन स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। F अक्षर लिखे हुए पृष्ठ के विपरीत पृष्ठ पर कौन-सा अक्षर लिखा होगा ?




(A) B (B) A
(C) E (D) C

**16.** निम्न वेन चित्रों में से किस चित्र द्वारा सीमेन्ट, घर तथा सेतु के सही सम्बन्ध को चित्रित किया गया है ?



(A) (B) (C) (D)

**17.** निम्नलिखित में लुप्त पद ज्ञात कीजिए—
30, 100, 180, 270, ?
(A) 370 (B) 410
(C) 420 (D) 430

**18.** एक आदमी पूर्व दिशा में 2 किमी चलता है और फिर वो दक्षिण दिशा की तरफ घूमकर 4 किमी चलता है, फिर वह पूर्व दिशा की ओर घूमकर 1 किमी चलता है। इसके बाद वह उत्तर दिशा में 8 किमी चलता है, अब वह अपनी प्रारम्भिक स्थिति से कितनी दूर है ?
(A) 3 किमी (B) 4 किमी
(C) 5 किमी (D) 7 किमी

**19.** लुप्त पद ज्ञात कीजिए—
HI : CD : : 89 : ?
(A) 34 (B) 43
(C) 45 (D) 98

**20.** संख्या '84617925' के सभी अंकों को बाईं ओर से दाईं ओर अवरोही क्रम में लगाया जाए, तो कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा ?
(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) सभी परिवर्तित हो जायेंगे (एक भी नहीं)

**21.** एक पर्वतारोही ने अपने जीवन का $\frac{1}{4}$ समय बढ़ाई के रूप में, $\frac{1}{5}$ समय नायक के रूप में, $\frac{1}{3}$ प्रबन्धक के रूप में तथा 13 वर्ष बूढ़े लोगों की संस्था में बिताए। पर्वतारोही की वर्तमान आयु क्या है ?
(A) 80 वर्ष (B) 70 वर्ष
(C) 85 वर्ष (D) 60 वर्ष

**22.** अंकित, बलवन्त से अधिक धनी है। चेतन, अंकित से अधिक धनी है। दिनेश, चेतन से अधिक धनी है। समीर इन सबमें सबसे धनी है। इनमें से सबसे कम धन किसके पास है ?
(A) बलवन्त (B) अंकित
(C) दिनेश (D) चेतन

**23.** A से शुरू होकर Z तक की अंग्रेजी वर्णमाला के बाद वाले (second half) आधे अक्षरों को यदि उलटे क्रम में लिख दिया जाए, तो बाएँ से छठे अक्षर के दाएँ पड़ने वाला चौदहवाँ अक्षर होगा—

(A) F (B) R

(C) T (D) U

**24.** निम्न श्रेणी को पूर्ण करने हेतु दिए गए विकल्पों से अनुपस्थित शब्द का चयन कीजिए—

CAT, FDW, IGZ, ?

(A) KJA (B) KTC

(C) LHD (D) LJC

**25.** नीचे चार शब्द दिए गए हैं। पहले और दूसरे शब्द में वही सम्बन्ध है, जो तीसरे और चौथे शब्द में है। दिए गए विकल्पों में से प्रश्नवाचक चिन्ह (?) को भरिए—

? : समय : : थर्मामीटर : ?

(A) घड़ी, ऊष्मा (B) सूर्य, तापमान

(C) घड़ी, तापमान (D) दिन, ऊर्जा

**26.** निम्न चार में से तीन किसी मायने में एक जैसे हैं और इस कारण से एक समूह बनाते हैं। इनमें से कौन एक विषम (बेमेल) है और समूह का भाग नहीं हो सकता ?

(A) DEHG (B) RSVU

(C) LMQP (D) JKNM

**27.** V, W, X, Y, Z पाँच मित्र हैं। V, X तथा Z आम पसन्द करते हैं। W, X तथा Y सेब पसन्द करते हैं। V, W तथा Z अमरूद पसन्द करते हैं। W, X तथा Z केला पसन्द करते हैं। V तथा Y सन्तरा, W, Y तथा Z चीकू पसन्द करते हैं। X कौन-से फल पसन्द करता है ?

(A) आम, सेब तथा केला

(B) अमरूद, सन्तरा तथा केला

(C) केला, चीकू तथा सेब

(D) आम, चीकू तथा अमरूद

**28.** एक पंक्ति में पाँच मकान P, B, T, D, C हैं। P, B के दाईं ओर है और T के बाईं ओर है। C, P के दाईं तरफ है। B, D के दाईं ओर है। बीच में कौन-सा मकान है ?

(A) B (B) P

(C) T (D) D

**29.** निम्न समीकरणों में से किसका परिणाम 22 होगा ?

(A) $16 \div 12 + 8 - 13 \times 15$

(B) $16 - 12 \times 8 \div 13 + 15$

(C) $16 \times 12 \div 8 + 13 - 15$

(D) $16 + 12 - 8 \times 13 \div 15$

**30.** निम्नलिखित अक्षर क्रम में ? के स्थान पर क्या होगा ?

AZB, CYD, EXF, ?, IVJ, KUL

(A) GUF (B) GWG

(C) GWH (D) HWH

## भाग-2
## सामान्य ज्ञान

**31.** एलोरा स्थित कैलाशनाथ मन्दिर और मामल्लपुरम स्थित शोर मन्दिर के बीच निम्नलिखित में से कौन–सी एक समानता है ?

(A) दोनों ही नागर वास्तुकला के उदाहरण हैं

(B) दोनों ही ठोस चट्टानों में से उत्कीर्ण किये गए हैं

(C) दोनों ही गुप्त काल के मन्दिर हैं

(D) दोनों ही पल्लव राजाओं के संरक्षण में निर्मित किये गए थे

**32.** 'पतंजलि' कौन था ?

(A) 'योगाचार' सम्प्रदाय का एक दार्शनिक

(B) आयुर्वेद पर एक पुस्तक का लेखक

(C) 'मध्यमिका' सम्प्रदाय का एक दार्शनिक

(D) पाणिनि के संस्कृत व्याकरण का टीकाकार

**33.** वह आद्यतन बौद्ध साहित्य, जो बुद्ध के विभिन्न जन्मों की कथाओं के विषय में है, क्या है ?

(A) विनय पिटक

(B) सुत्त पिटक

(C) अभिधम्म पिटक

(D) जातक

**34.** नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना किस गुप्त शासक द्वारा की गई थी ?

(A) कुमारगुप्त II (B) कुमारगुप्त I

(C) चन्द्रगुप्त II (D) समुन्द्रगुप्त

**35.** 1420 ई. में विजयनगर साम्राज्य में आने वाले इटली के यात्री का क्या नाम था ?

(A) डोमिंगोज पायस

(B) एडोआर्डो बारबोसा

(C) निकोलो डि कोण्टी

(D) अब्दुर्रज्जाक

**36.** "सफेद संगमरमर का प्रयोग, लम्बी टाँगें और इकहरे बदन, केन्द्रीय चरित्र के रूप में मनुष्य और राजाओं, राजकुमारियों और राजमहलों को प्रमुखता" भारत के निम्नलिखित प्राचीन कला–रूपों में से किस एक की लाक्षणिक विशेषताएँ थीं ?

(A) अमरावती कला शाखा

(B) गान्धार कला शाखा

(C) मथुरा कला शाखा

(D) पहाड़ी कला शाखा

**37.** किस गर्वनर जनरल का नाम राज्य हड़प नीति (डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स) के साथ जुड़ा हुआ है ?

(A) लॉर्ड रिपन (B) लॉर्ड डलहौजी

(C) लॉर्ड बैण्टिक (D) लॉर्ड कर्जन

**38.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक, 1931 के गाँधी–इरविन समझौते का अंश था ?

(A) सत्याग्रहियों पर बर्बर हमला करने के दोषी पुलिस वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही

(B) नेहरू का 1931 ई. के गोलमेज सम्मेलन में काँग्रेस का प्रतिनिधित्व करना

(C) सम्मेलन की विषय–सूची से साम्प्रदायिक प्रश्न को हटाना

(D) आगजनी और हिंसा के दोषियों को छोड़कर बाकी राजनीतिक बन्दियों की रिहाई

**39.** गाँधी जी के साथ नमक सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया ?

(A) एनी बेसेण्ट

(B) मृदुला साराभाई

(C) मृत्तु लक्ष्मी

(D) सरोजिनी नायडू

**40.** भारत में निम्नलिखित रेलवे क्षेत्रों (जोन) में से किस एक का मुख्यालय, माध्य समुद्र तल से अधिकतम ऊँचाई पर स्थित है ?

(A) पूर्व–मध्य रेलवे

(B) दक्षिण–पूर्व रेलवे

(C) दक्षिण–पश्चिम रेलवे

(D) पश्चिम–मध्य रेलवे

**41.** मैकाल की पहाड़ियों में अमरकंटक पठार किस नदी के उद्गम को चित्रित करता है ?

(A) गण्डक (B) चम्बल

(C) नर्मदा (D) घग्घर

**42.** भारत में रेल के डिब्बे कहाँ बनाये जाते हैं ?

(A) जमशेदपुर तथा पेराम्बूर

(B) कपूरथला तथा पेराम्बूर

(C) हैदराबाद तथा पेराम्बूर

(D) वाराणसी तथा पेराम्बूर

**43.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—

| सूची–I (भारत की प्राकृतिक वनस्पति) | सूची–II (वार्षिक वर्षा) |
|---|---|
| a. उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन | 1. 100-200 सेमी. |
| b. उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वन | 2. 200 सेमी. से अधिक |
| c. उष्ण कटिबन्धीय शुष्क वन | 3. 50 सेमी. से कम |
| d. निर्जल वन | 4. 300 सेमी. |
| | 5. 50-100 सेमी. |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 5 | 3 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 5 |
| (C) | 2 | 1 | 5 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**44.** यदि लन्दन से 10 : 30 पूर्वाह्न पर समाचार प्रसारित हो, तो वह बगदाद (45° E) में किस समय सुना जाएगा ?

(A) 7 : 30 पूर्वाह्न (B) 9 : 00 पूर्वाह्न

(C) 1 : 30 अपराह्न (D) 12 : 00 दोपहर

**45.** निम्नलिखित कथनों में से, चिली के भूकम्प (फरवरी, 2010) के विषय में कौन–सा/से सही है/हैं ?

1. वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि भूकम्प के कारण पृथ्वी के घूर्णन का अक्ष 3 इंच खिसक गया है।
2. चिली के दूसरे विशालतम नगर कान्सेप्सियान के निकट, तट से पृथक् सान्ता मारिया द्वीप 2 मी. उठ गया होगा।

**कूट :**

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न ही 1 और न ही 2

**46.** किस वर्ष में भाषायी आधार पर राज्यों का पुनर्गठन किया गया ?

(A) वर्ष 1951 (B) वर्ष 1947

(C) वर्ष 1950 (D) वर्ष 1956

**47.** भारत का मुख्य निर्वाचन आयुक्त कितनी अवधि के लिए पद पर होता है ?

(A) छः वर्ष

(B) राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त

(C) छः वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक के लिए, जो भी पहले हो

(D) पाँच वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक के लिए, जो भी पहले हो

**48.** निम्नलिखित में से ऐसी कौन–सी आपात स्थिति है, जिसकी घोषणा अभी तक भारत में नहीं की गई है ?

(A) अनुच्छेद–32 (B) अनुच्छेद–352

(C) अनुच्छेद–356 (D) अनुच्छेद–360

**49.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा भारत सरकार को सर्वाधिक राजस्व प्राप्त होता है ?

(A) विक्रय कर (B) उत्पादन शुल्क

(C) आयकर (D) मनोरंजन कर

**50.** भारत की प्रमुख वाणिज्य फसलें हैं–

(A) कपास, दालें, जूट और तिलहन

(B) कपास, तिलहन, जूट और गन्ना

(C) चाय, रबर, तम्बाकू और जूट

(D) आलू, चाय, तम्बाकू और कपास

## भाग-3
## शैक्षणिक अभिरुचि

**51.** मनोविज्ञान का शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ा योगदान है ?

(A) विषय केन्द्रित शिक्षा

(B) शिक्षा केन्द्रित शिक्षा

(C) क्रिया केन्द्रित शिक्षा

(D) बाल केन्द्रित शिक्षा

**52.** विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन–सा एक उचित है ?

(A) विकास जन्म के साथ प्रारम्भ होता है और समाप्त होता है

(B) सामाजिक–सांस्कृतिक सन्दर्भ' विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करता है

(C) विकास एकल आयामी है

(D) विकास पृथक् होता है

**53.** शिक्षण का विकासात्मक परिप्रेक्ष्य शिक्षकों से यह माँग करता है कि वे–

(A) कठोर अनुशासन बनाए रखने वाले बनें, क्योंकि बच्चे अकसर प्रयोग (जाँच) करते हैं

(B) विकासात्मक कारकों के ज्ञान के अनुसार अनुदेशन युक्तियों का अनुकूलन करें

(C) विभिन्न विकासात्मक अवस्था वाले बच्चों के साथ समान रूप से व्यवहार करें

(D) इस प्रकार का अधिगम उपलब्ध कराएँ जिसका परिणाम केवल संज्ञानात्मक क्षेत्र के विकास में हो

**54.** श्रीमती कुमार का पहला बच्चा 10 महीने में चलने लगा। उनका दूसरा बच्चा अब 12 महीने का है और अभी भी नहीं चल रहा है। वह दुखी या चिन्तित नहीं है, क्योंकि

(A) उनके पति ने कहा है कि जब तक वह 14 महीने के नहीं हुए थे, उन्होंने चलना शुरू नहीं किया था

(B) वह जानती है कि वह जितना अधिक इंतजार करेंगी उतना ही अधिक उसके पैर चलने के लिए मजबूत होंगे

(C) एक पड़ोसी का लड़का भी 18 महीने का है और वह भी नहीं चल रहा है

(D) वह जानती है कि चलने के विकास के लिए वह अभी सामान्य समयबद्ध के अन्दर है

**55.** बुद्धि–लब्धांक के आधार पर विभिन्न समहों में विद्यार्थियों का वर्गीकरण उनकी स्व–गरिमा को ...... है और उनके शैक्षणिक निष्पादन को .... है।

(A) घटाता; घटाता

(B) घटाता; प्रभावित नहीं करता

(C) बढ़ाता; घटाता

(D) बढ़ाता; बढ़ाता

**56.** पाँच वर्ष के मोहन की मानसिक आयु आठ वर्ष है। उसकी बुद्धि लब्धि कितनी है ?

(A) 150 (B) 160

(C) 140 (D) 135

**57.** अहम् ....... के नियम पर कार्य करता है–

(A) सुख (B) नैतिकता

(C) वास्तविकता (D) कल्पना

**58.** बहिर्मुखी प्रवृत्ति के व्यक्ति होते हैं ?

(A) सामाजिक एवं मित्रतापूर्ण व्यवहार

(B) तनाव मुक्त

(C) विकल्प A और B दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59.** व्यक्तित्व व्यक्ति में उन मनोदैहिक व्यवस्थाओं का गत्यात्मक संगठन है, जो वातावरण के साथ उसके अपूर्व समायोजन को निर्धारित करता है। व्यक्तित्व की यह परिभाषा दी है–

(A) मुर्रे

(B) जे. बी. वाटसन

(C) जी. डब्ल्यू. आलपोर्ट

(D) स्कीनर

**60.** कौन–सा अध्ययन कौशल नहीं है ?

(A) औपचारिक रिपोर्ट लिखना

(B) नोट्स लेने

(C) एक शब्दकोश का उपयोग करना

(D) सूचना प्राप्त करना एक विश्वकोष के रूप में

**61.** मौखिक अभिव्यक्ति में सक्षम करने के लिए सबसे बेहतर है ?

(A) चुनौतीपूर्ण और कठिन पाठ पढ़ें

(B) वास्तविक जीवन परिस्थितियों में संवाद

(C) शिक्षक द्वारा प्रदान किए गए मॉडल को सुनें

(D) बोलने के दौरान सभी त्रुटियों से बचें

**62.** अभिवृत्ति सम्प्रत्यय है–

(A) संज्ञानपरक (B) क्रियापरक

(C) संवेगात्मक (D) ये सभी

**63.** वैयक्तिक अंतरों का ज्ञान शिक्षकों की मदद किसमें करता है ?

(A) पिछड़े शिक्षार्थियों के साथ कठोर परिश्रम करने की निरर्थकता को समझने में, क्योंकि वे बाकी कक्षा के समान कभी नहीं हो सकते

(B) वैयक्तिक अंतरों को शिक्षार्थियों की असफलता की स्वीकृति एवं उत्तरदायी ठहराने में

(C) सभी शिक्षार्थीयों को समान रूप से लाभ पहुँचाने के लिए अपनी प्रस्तुति–शैली को एकरूप बनाने में

(D) सभी शिक्षार्थियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं का आकलन करने और उसके अनुरूप उन्हें पढ़ाने में

**64.** अभिवृत्ति है

(A) एक भावात्मक प्रवृत्ति जो अनुभव के द्वारा संगठित होकर किसी मनोवैज्ञानिक वस्तु के प्रति पसंदगी या नापसंदगी के रूप में प्रतिक्रिया करती है।

(B) एक ऐसी विशेषता जो व्यक्ति की योग्यता का परिचायक है, जिसे किसी प्रदत्त क्षेत्र में विशिष्ट प्रशिक्षण, ज्ञान अथवा कौशल से सीखा जा सकता है

(C) व्यक्ति की बीजभूत क्षमता जो कि विशिष्ट प्रकार की होती है
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** किस अभिक्षमता को ए.एस.टी. के नाम से जाना जाता है ?
(A) विभेदक अभिक्षमता
(B) सामान्य अभिक्षमता
(C) अभिक्षमता सर्वेक्षण परीक्षण
(D) व्यावसायिक अभिक्षमता

**66.** शिक्षक की सबसे मुख्य जिम्मेदारी है
(A) कठोर अनुशासन बनाए रखना
(B) विद्यार्थियों की विभिन्न अधिगम शैलियों के अनुसार सीखने के मौके उपलब्ध कराना
(C) पाठ–योजना तैयार करना और उसके अनुसार पढ़ाना।
(D) यथासंभव क्रिया–कलापों का आयोजन करना

**67.** विद्यार्थियों की अभिवृत्तियों में परिवर्तन के लिए निम्न में से किस विधि का प्रयोग अध्यापक को नहीं करना चाहिए ?
(A) दबाव ये किसी बात या विचार के लिए राजी करना
(B) किसी विचार को दोहराना अथवा दृढ़तापूर्वक व्यवहार
(C) किसी प्रशंसनीय व्यक्ति के द्वारा समर्थन एवं स्वीकृति
(D) संदेश के साथ साहचर्य स्थापित करना

**68.** व्यक्तिगत विभिन्नताओं का क्षेत्र है–
(A) लिंग–भेद (B) शारीरिक रचना
(C) मानसिक योग्ताएँ (D) ये सभी

**69.** अभियोग्यता के सम्बन्ध में सही कथन क्या है ?
(A) समायोजन करने की क्षमता का नाम अभियोग्यता है
(B) सीखने की क्षमता का नाम अभियोग्यता है
(C) संक्षिप्त तार्किकता (Abstract Reasoning) की क्षमता का नाम अभियोग्यता है
(D) उपर्युक्त सभी।

**70.** "हममें से कुछ लोग, कुछ जो लम्बे हैं तथा कुछ जो छोटे हैं, कुछ जो गोरे हैं तथा कुछ जो काले हैं, कुछ लोग मजबूत हैं तथा कुछ कमजोर हैं" यह कथन किस स्थापित सिद्धान्त पर आधारित है ?
(A) बुद्धि व लैंगिक विभिन्नता पर
(B) बुद्धि व प्रजाति विभिन्नता पर
(C) वैयक्तिक विभिन्नता पर
(D) वैयक्तिक प्रगतिशीलता पर

**71.** मूल्यांकन का उद्देश्य है–
(A) बालकों को धीमी गति से सीखने वाले एवं प्रतिभाशाली बालकों के रूप में लेबल करना
(B) जिन बालकों को उपचारात्मक शिक्षा की आवश्यकता है, उनकी पहचान करना
(C) अधिगम की कठिनाइयों व समस्या वाले क्षेत्रों का पता लगाना
(D) उत्पादक जीवन जीने के लिए शिक्षा किस सीमा तक तैयार कर पाई है, का पुष्टिपोषण प्रदान करना।

**72.** अधिगम का शिक्षा में योगदान है–
(A) व्यवहार परिवर्तन में
(B) नवीन अनुभव प्राप्त करने में
(C) समायोजन में
(D) उपर्युक्त सभी

**73.** निम्नलिखित में से कौन–सी मूल्यांकन की प्रविधि है ?
(A) प्रश्नावली (B) साक्षात्कार
(C) मत सूची (D) ये सभी

**74.** कक्षा में पलायन करने वाले विद्यार्थियों के प्रति आपका व्यवहार कैसा होगा ?
(A) दमनात्मक (B) प्रशंसात्मक
(C) सहानुभूतिपूर्वक (D) निदानात्मक

**75.** एक अध्यापक की दृष्टि में कौन–सा कथन सर्वोत्तम है ?
(A) प्रत्येक बच्चा सीख सकता है
(B) कुछ बच्चे सीख सकते हैं
(C) अधिकतम बच्चे सीख सकते हैं
(D) बहुत कम बच्चे सीख सकते हैं

**76.** बच्चे की जिज्ञासा शांत करनी चाहिए–
(A) जब शिक्षक फुर्सत में हो
(B) जब विद्यार्थी फुर्सत में हो
(C) कुछ समय के पश्चात्
(D) तत्काल जब विद्यार्थी द्वारा जिज्ञासा की गई है।

**77.** बच्चा किस प्रकार सीखता है ?
(A) पुस्तकें पढ़कर (B) परिचर्चा द्वारा
(C) प्रश्न पूछकर (D) कई प्रकार से

**78.** क्रियात्मक अनुसन्धान में
(A) क्रियात्मक उपकल्पनाओं का निर्माण समस्याओं के कारणों पर आधारित है
(B) क्रियात्मक उपकल्पनाओं का निर्माण किसी तर्कयुक्त विवेक पर आधारित है।
(C) क्रियात्मक उपकल्पनाओं का निर्माण इस प्रकार किया जाता है, ताकि उनका सांख्यिकीय सत्यापन किया जा सके
(D) क्रियात्मक उपकल्पनाओं का निर्माण नहीं किया जाता

**79.** निम्न में से कौन–सी समस्या क्रियात्मक अनुसन्धान के लिए उपयुक्त नहीं है ?
(A) हिन्दी में 5वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लेख में सुधार
(B) 7वीं कक्षा के विद्यार्थियों के व्यवहार पर लिखित प्रशंसा एवं मौखिक प्रशंसा के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन
(C) परम्परागत विधि के ऊपर कम्प्यूटर सहायतित अनुदेशन का प्रभाव
(D) भूगोल के अधिगम में एटलस एवं ग्लोब का प्रयोग

**80.** निम्नलिखित में से कौन–सा सीखने का क्षेत्र है ?
(A) व्यावसायिक (B) आनुभविक
(C) भावात्मक (D) आध्यात्मिक

## भाग-4
## सामान्य हिन्दी

**81.** 'बहुवचन' कहते हैं–
(A) शब्द के जिस रूप से बहू का बोध हो
(B) शब्द के जिस रूप से वस्तु या प्राणियों की संख्या का बोध हो
(C) शब्द के जिस रूप में किसी की जाति का बोध हो
(D) शब्द के जिस रूप से एक से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं आदि का बोध हो

**82.** निम्न में से किस वर्ण का उच्चारण स्थान 'कण्ठ' नहीं है ?
(A) क (B) ख
(C) ग (D) ढ

**83.** 'ब्रह्मास्त्र' का सही सन्धि–विच्छेद है–
(A) ब्रह्म + अस्त्र (B) ब्रह्मा + अस्त्र
(C) ब्रहम् + अस्त्र (D) ब्रहमः + अस्त्र

**84.** जब किसी समास में दोनों शब्द प्रधान हों तो उसको कहते हैं–
(A) द्वन्द्व समास (B) द्विगु समास
(C) प्रधान समास (D) तत्पुरुष समास

**85.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'झरना' का पर्यायवाची नहीं है ?
(A) सोता (B) निर्झर
(C) खेहट (D) उत्स

**86.** ध्वंस
(A) कठोर (B) टिकाऊ
(C) निर्माण (D) मजबूत

**87.** उपयुक्त वाक्यांश का चयन कीजिये–
बलिदान की भावना के प्रेरक होते हैं–
(A) समाज सुधारक (B) संस्कृति पुरुष
(C) देशभक्त (D) स्वामिभक्त

**88.** 'अध्यक्ष' शब्द में उपसर्ग है ?
(A) अधि (B) अध
(C) अति (D) अ

**89.** स्थिति में परिवर्तन न होने के भाव को व्यक्त करने वाली सही कहावत है–
(A) जस दूल्हा तस बनी बरात
(B) न सुख में मोटे न दु:ख में दुबले
(C) न गरजे न बरसे वही धूप की धूप
(D) ढाक के तीन पात

**90.** सूर्योदय हुआ और पक्षी बोलने लगे, वाक्य है–
(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

## भाग-5
## सामान्य अंग्रेजी

### Direction (Q. No. 91 to 93)

Read the following passage carefully and answer the questions :

Our body is a wondrous mechanism and when subjected to unusual stress over a period of time, it adapts itself to deal more effectively with that stress. Therefore, when you exert your muscles against resistance, they are forced to adopt and deal with this extraordinary work load. This is the principle of weight training. Strands of muscle fibers become thicker and stronger in response to the demands placed on them.

One of the great merits of weight training is the strength of your heart. During weight training, your heart is forced to beat faster and stronger in order to pump sufficient blood to the muscles being worked. In time, your heart, like your body ; will adapt to this extra-workload by becoming stronger and more efficient. Since your body needs a given amount of blood to perform its daily tasks your heart will now need fewer beats to pump the same quantity of blood. Sounds good? There's more. Your entire circulatory system is given a thorough workout everytime you exercise, which increases its overall efficiency. Even the neural paths from your brain's command centres to each individual muscle become more effective, enabling easier recruitment of muscle fibers for carrying out physical tasks. In essence, your body becomes a well-oiled and finely-tuned piece of machinery, whirring along without any break-down. In today's stress filled world, you need all help you can get.

**91.** The word 'wondrous' (First line) is :
(A) an adverb (B) an adjective
(C) a verb (D) a noun

**92.** What does the above passage suggest ?
(A) We should ignore physical exercise
(B) We should subject our body to as much exercise as it can withstand
(C) We should carry out physical exercise as a routine
(D) Physical exercise is necessary occasionally

**93.** What does the term 'well-oiled' in the passage denote ?
(A) Massaged (B) Greased
(C) Healthy (D) Services

### Direction (Q. No. 94 and 95)

In the following questions, the 1st and the last sentences of the passage are numbered 1 and 6. The rest of the passage is split into four parts and named P, Q, R and S. These four parts are not given in their proper order. Read the sentence and find out which of the four combinations is correct.

**94.** (1) With a little cajoling :
(P) was moved inside a small cement enclosure
(Q) beneath the rail tracks
(R) the friendly leopard
(S) at the corner of his cage
(6) of the toy train.
(A) RSPQ (B) SRPQ
(C) RPSQ (D) SQPR

**95.** (1) In the shops of Great Britain, Nirad Choudhary :
(P) of our elephant headed God of success, Ganesha.
(Q) who was likely to be a counterpart.
(R) missed the image of any God.
(S) presiding over all our enterprises.
(6) particularly financial ones.
(A) QPSR (B) RQPS
(C) SPQR (D) PSQR

### Direction (Q. No. 96)

Choose the suitable preposition from the given alternative to fill in the blanks in the sentences.

**96.** A committee was formed to look .......... the memorial.
(A) at (B) after
(C) for (D) like
(E) over

### Direction (Q. No. 97)

Choose the correct form of adjective for the given sentence.

**97.** The driver tried his best to avert the accident by bringing the car to .............. stop.
(A) immediately (B) a sudden
(C) sudden (D) suddenly

### Direction (Q. No. 98)

Choose the appropriate articles for the given sentence :

**98.** Navneet, who was born on (A)/the Marina's shore, says (B)/he can judge a depth (C)/of water by its colour. (D)/ No error (E).

### Direction (Q. No. 99)

Give the antonyms of the following words:

**99.** Virtue
(A) View (B) Vie
(C) Vice (D) Vex.

### Direction (Q. No. 100)

Give the meaning of the words which best expresses the **same meaning**.

**100.** Sequel
(A) Result (B) Construct
(C) Quiet (D) Noise.

## उत्तर व्याख्या सहित

**1.** (A) विकल्प (A) छोड़कर बाकी सभी विकल्पों में समान वर्ण L, I, E और N हैं।

**2.** (C) चलना, बोलना और सोना शारीरिक क्रियाएँ हैं, परन्तु खाना शारीरिक क्रिया नहीं है।

**3.** (C) तेल को छोड़कर बाकी तीनों दूध से बनने वाले पदार्थ हैं। अतः तेल इसमें अलग है।

**4.** (C) वैभव दो दिनों में 10 पूड़ी खाता है।
वैभव द्वारा एक दिन में खाई गई पूड़ियाँ
$= \frac{10}{2} = 5$
सौरभ द्वारा एक दिन में खाई गई पूड़ियाँ
$= 20$
दोनों द्वारा एक दिन में खाई गई पूड़ियाँ
$= 20 + 5 = 25$
अभीष्ट दिनों की संख्या $= \frac{250}{25} = 10$
अतः दोनों मिलकर 250 पूड़ियाँ 10 दिन में खाएँगे।

**5.** (B)

| 3 | 10 (9) | 27 | 4 | 16 | 64 | 5 | 25 | 125 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| $3^1$ | $3^2$ | $3^3$ | $4^1$ | $4^2$ | $4^3$ | $5^1$ | $5^2$ | $5^3$ |

संख्या 10 शृंखला में गलत है। 10 के स्थान पर 9 आएगा।

**6.** (B)
2 7 16 [29] 46 67 92
+5 +9 +13 +17 +21 +25
+4 +4 +4 +4 +4
∴ ? = 29

**7.** (B)
520 523 529 538 550 [565]
+3 +6 +9 +12 +15
+3 +3 +3 +3
अतः 2018 में छात्रों की संख्या 565 है।

**8.** (D) जिस प्रकार,

T E A C H E R
↓+2 ↓+2 ↓+2 ↓+2 ↓+2 ↓+2 ↓+2
V G C E J G T

उसी प्रकार,

C H I L D R E N
↓+2 ↓+2 ↓+2 ↓+2 ↓+2 ↓+2 ↓+2 ↓+2
E J K N F T G P

**9.** (A) 9 2 6 → अपनी टाई विलय

1 [7] 5 → सुराख और [बटन]

2 9 [7] → टाई विलय [बटन]

अतः बटन का अर्थ 7 है।

**10.** (A) (A + B + C)

C की कुल आयु = (18 × 3)
= 54 वर्ष ...(1)

B की आयु = (A + 2)

∴ A की आयु = (B – 2)

B की आयु = (C – 5)

∴ C की आयु = (B + 5)

A तथा C की आयु समी. (1) में रखने पर,

(B – 2) + B + (B + 5) = 54

3B + 3 = 54

3B = 51


B = 17 वर्ष

अतः C की आयु = (17 + 5)

⇒ 22 वर्ष

**11.** (B) हिरण जंगल में रहता है और प्रश्न में जंगल को सोफा कहा गया है।
अतः हिरण सोफा में रहेगा।

**12.** (D)




**13.** (A) जिस प्रकार, 5 × 4 = 20
3 × 8 = 24
उसी प्रकार, 9 × 4 = 36

**14.** (A) माना X की वर्तमान आयु = $a$

Y की वर्तमान आयु = $a - 2$

Z की वर्तमान आयु = $a - 5$

प्रश्नानुसार,

$$(X + Z) = (Y - 5) \times 3$$
$$(a + a - 5) = (a - 2 - 5) \times 3$$
$$2a - 5 = (a - 7) \times 3$$
$$2a - 5 = 3a - 21$$
$$a = 16$$


$x$ की वर्तमान आयु = 16 वर्ष

$y$ की वर्तमान आयु = (16 – 2) ⇒ 14 वर्ष

$z$ की वर्तमान आयु = (16 – 5) ⇒ 11 वर्ष


**15.** (A) पहले तथा दूसरे पासे में B की संलग्न सतहों पर A, C, D तथा E दिखाई देते हैं। F सामने की सतह पर दिखाई नहीं देता है। अतः B की विपरीत सतह पर F होगा।

**16.** (C)





कुछ घर सीमेन्ट के बने होते हैं तथा कुछ सेतु भी सीमेन्ट के बने होते हैं।

**17.** (A)




∴ ? = 370

**18.** (C)




FE = CD = 1 किमी

AD = 3 किमी


BD = 4 किमी

प्रारम्भिक बिन्दु से दूरी

$$AB = \sqrt{(AD)^2 + (BD)^2}$$
$$AB = \sqrt{3^2 + 4^2}$$
$$= \sqrt{16 + 9}$$
$$= \sqrt{25} = 5 \text{ किमी}$$

अतः वह आदमी प्रा. बिन्दु से 5 किमी दूर है।

**19.** (A)




**20.** (A) दी गई संख्या → 8 4 6 1 7 9 [2] 5

अवरोही क्रम → 9 8 7 6 5 4 [2] 1

∴ केवल एक अंक, 2 का स्थान अपरिवर्तित रहेगा।

**21.** (D) माना, पर्वतारोही की वर्तमान आयु $x$ वर्ष है।

∴ प्रश्नानुसार,

$$x - \frac{1}{4}x - \frac{1}{5}x - \frac{1}{3}x = 13$$
$$\frac{60x - 15x - 12x - 20x}{60} = 13$$
$$\frac{13}{60}x = 13$$
$$x = 60 \text{ वर्ष}$$

**22.** (A) प्रश्नानुसार,

अंकित > बलवन्त


चेतन > अंकित

दिनेश > चेतन

∴ समीर > दिनेश > चेतन > अंकित > बलवन्त

अतः बलवन्त इसमें सबसे कम धनी है।

**23.** (C) अभीष्ट व्यवस्था




बाएँ से छठा अक्षर F है तथा F के दाएँ 14वाँ अक्षर T है।

**24.** (D)

C $\xrightarrow{+3}$ F $\xrightarrow{+3}$ I $\xrightarrow{+3}$ [L]

A $\xrightarrow{+3}$ D $\xrightarrow{+3}$ G $\xrightarrow{+3}$ [J]

T $\xrightarrow{+3}$ W $\xrightarrow{+3}$ Z $\xrightarrow{+3}$ [C]

∴ ? = LJC

**25.** (C) जिस प्रकार, समय को घड़ी द्वारा मापते हैं। उसी प्रकार, तापमान को थर्मामीटर द्वारा मापा जाता है।

**26.** (C)

D $\xrightarrow{+1}$ E $\xrightarrow{+3}$ H $\xrightarrow{-1}$ G

R $\xrightarrow{+1}$ S $\xrightarrow{+3}$ V $\xrightarrow{-1}$ U

L $\xrightarrow{+1}$ M $\xrightarrow{+4}$ Q $\xrightarrow{-1}$ P

J $\xrightarrow{+1}$ K $\xrightarrow{+3}$ N $\xrightarrow{-1}$ M


अतः LMQP इसमें अलग है।

**27.** (A)

| व्यक्ति | फल | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आम | सेब | अमरूद | केला | सन्तरा | चीकू |
| V | ✓ | × | ✓ | × | ✓ | × |
| W | × | ✓ | ✓ | ✓ | × | ✓ |
| X | ✓ | ✓ | × | ✓ | × | × |
| Y | × | ✓ | × | × | ✓ | ✓ |
| Z | ✓ | × | ✓ | ✓ | × | ✓ |

X, आम, सेब और केला तीनों पसंद करता है।

**28.** (B) मकानों की व्यवस्था निम्न प्रकार से है।




मकान P बीच में है।

**29.** (C) विकल्प (C) से, $16 \times 12 \div 8 + 13 - 15$

$$\Rightarrow 16 \times \frac{12}{8} + 13 - 15$$
$$\Rightarrow 2 \times 12 \div 13 - 15$$
$$\Rightarrow 24 + 13 - 15$$
$$\Rightarrow 37 - 15 = 22$$

**30.** (C)

−1 −1 −1 −1 −1

A Z B   C Y D   E X F   [G W H]   I V J   K U L

+1 +1 +1 +1 +1 +1 +1 +1 +1 +1 +1

$\therefore$ ? = GWH

**31.** (B) **32.** (D) **33.** (D) **34.** (B) **35.** (C)
**36.** (A) **37.** (B) **38.** (D) **39.** (D) **40.** (C)
**41.** (C) **42.** (B) **43.** (C) **44.** (C) **45.** (A)
**46.** (D) **47.** (C) **48.** (D) **49.** (C) **50.** (B)

**51.** (D) बाल केन्द्रित शिक्षा

**52.** (B) लिव वाइगोत्स्की ने संज्ञात्मक विकास का 'सामाजिक–सांस्कृतिक सिद्धान्त' का प्रतिपादन किया। इनके द्वारा बालक के संज्ञानात्मक विकास में समाज एवं उसके सांस्कृतिक सम्बन्धों के बीच संवाद को एक महत्वपूर्ण आयाम घोषित किया गया है।

**53.** (B) शिक्षण का विकासात्मक परिप्रेक्ष्य शिक्षकों से यह माँग करता है कि वे विकासात्मक कारकों के ज्ञान के अनुसार अनुदेशन युक्तियों का अनुकूलन करें

**54.** (D) बच्चों को अपने पैर पर चलने के लिए उनकी उपयुक्त आयु 14 महीने की मानी जाती है। अतः 12 महीने का बच्चा अगर चल नहीं रहा है तो चिन्ता का विषय नहीं है, क्योंकि बालक का विकास अपने समयबद्ध ही होगा।

**55.** (B) बुद्धि–लब्धांक के आधार पर विभिन्न समहों में विद्यार्थियों का वर्गीकरण उनकी स्व–गरिमा को घटाता है और उनके शैक्षणिक निष्पादन को प्रभावित नहीं करता है।

**56.** (B) $\text{बुद्धिलब्धि} = \frac{\text{मानसिकआयु}}{\text{वास्तविकआयु}} \times 100$

$$= \frac{8}{5} \times 100$$

$= 160$ बुद्धिलब्धि

**57.** (C) अहम् वास्तविकता से सम्बन्ध रखता है तथा व्यक्ति को वास्तविक परिस्थितियों के साथ तालमेल बैठाने के लिए प्रेरित करता है। अहम् आंशिक रूप से चेतन एवं आंशिक रूप से अचेतन में कार्य करता है। इदं जन्मजात प्रकृति का होता है, यह किसी भी तरह का तनाव नहीं सह सकता है तथा बिना किसी बाधा के तत्काल आनन्द, सुख व संतुष्टि प्राप्त करना चाहता है। पराअहं सामाजिक मान्यताओं, संस्कारों व आदर्शों से सम्बन्धित होता है।

**58.** (A) बहिर्मुखी प्रवृत्ति के व्यक्ति वे होते हैं, जो जल्दी से लोगों के साथ अपना सम्बन्ध स्थापित करते हैं। इस प्रकार के व्यक्ति सामाजिकता से पूर्ण एवं व्यवहार मित्रवत् रहता है।

**59.** (C) जी. डब्ल्यू. आलपोर्ट ने व्यक्तित्व मापन के सम्बन्ध में शील गुण सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था। शील गुण सिद्धान्त के अनुसार— "व्यक्तित्व व्यक्ति में उन मनोदैहिक व्यवस्थाओं का गत्यात्मक संगठन है, जो वातावरण के साथ उसके अपूर्व समायोजन को निर्धारित करता है।"

**60.** (A) **61.** (B)

**62.** (D) अभिवृत्ति किसी विषय–वस्तु या घटना के प्रति एक तरह का दृष्टिकोण रखने की मानसिक क्रिया है, जिसमें संज्ञापरक, क्रियापरक तथा संवेगात्मक प्रत्यय पाया जाता है।

**63.** (D) वैयक्तिक अन्तरों का ज्ञान सभी शिक्षार्थियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं का आकलन करने और उसके अनुरूप उन्हें पढ़ाने में शिक्षकों की मदद करता है।

**64.** (A) अभिवृत्ति एक भावनात्मक प्रवृत्ति होती है, जो अनुभव द्वारा प्राप्त होती है तथा अनुभव के द्वारा संगठित होकर किसी वस्तु के पसंदगी या नापसंदगी के रूप में मनोवैज्ञानिक रूप से प्रतिक्रिया करती है।

**65.** (C)

**66.** (B) शिक्षक की सबसे मुख्य जिम्मेदारी होती है विद्यार्थियों की वैयक्तिक विभिन्नता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न अधिगम शैलियों के अनुसार सीखने के अवसर उपलब्ध कराना, ताकि विद्यार्थी अपनी योग्यता एवं क्षमता के अनुसार अपना विकास कर सके।

**67.** (A) विद्यार्थियों के अभिवृत्ति के परिवर्तन के लिए अध्यापक को किसी भी प्रकार के नकारात्मक साधन का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि विद्यार्थियों में कुण्ठा भावना का विकास हो सकता है तथा वह विद्यार्थी उस अध्यापक के साथ सहजता का अनुभव नहीं कर पाता है।

**68.** (D) व्यक्तिगत विभिन्नताओं में लिंगभेद, शारीरिक संरचना, मानसिक योग्यता, शारीरिक क्षमता आदि सभी तत्व आते हैं।

**69.** (D) अभियोग्यता का तात्पर्य समायोजन की क्षमता, सीखने (अधिगम) की क्षमता तथा तार्किकता की क्षमता का समावेश है। अतः अभियोग्यता में सभी बातें आती हैं, जो मानव जीवन के बौद्धिकता की वृद्धि करती है।

**70.** (C)

**71.** (D) किसी कार्य के पूर्ण होने के बाद उस कार्य का मूल्यांकन किया जाता है कि वह कार्य अपने उद्देश्य को किस सीमा तक प्राप्त कर सका है तथा उसके लिए उचित पुष्टि पोषण प्रदान किया जाता है, ताकि पूर्ण उद्देश्य की प्राप्ति हो सके।

**72.** (D) अधिगम वह प्रक्रिया है, जिससे बालक को नवीन ज्ञान की प्राप्ति होती है। परिणामस्वरूप बालक में समायोजन की क्षमता के विकास के साथ–साथ उचित व्यवहार परिवर्तन भी होता है।

**73.** (D) मूल्यांकन वह प्रणाली होती है, जिसके तहत बालक/व्यक्ति के सभी आयामों का परीक्षण किया जा सकता है। मूल्यांकन करने में कई प्रकार की विधियों का प्रयोग किया जाता है जैसे—साक्षात्कार करके, प्रश्नावली तैयार करके, मत सूची तैयार करके तथा खेल विधि आदि।

**74.** (D) कक्षा में पलायन करने वाले विद्यार्थियों के प्रति एक अध्यापक का व्यवहार निदानात्मक होना चाहिए। अध्यापक को पलायन का कारण जानना चाहिए तथा उसका उपचार करना चाहिए।

**75.** (A) एक कुशल अध्यापक यह दृष्टि रखता है कि प्रत्येक बच्चा सीख सकता है, यदि उपयुक्त अधिगम परिस्थितियाँ उपस्थित हों। इसके लिए वह निरंतर प्रयत्नशील रहता है।

**76.** (D) **77.** (D)

**78.** (A) विद्यालयों में किया जाने वाला क्रियात्मक अनुसंधान शिक्षण समस्याओं को दूर करने के लिए किया जाता है, ताकि शिक्षण को प्रभावशाली तथा सुगम बनाया जा सके।

**79.** (C) क्रियात्मक अनुसंधान किसी समस्या विशेष के लिए किया जाता है। कम्प्यूटर सहायतित अनुदेशन का प्रभाव समस्या से संबन्धित नहीं है।

**80.** (C) अधिगम जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। व्यक्ति अपने पूरे जीवनकाल में अनुभव प्राप्त करता है और प्राप्त अनुभवों से अपने ज्ञान में वृद्धि करता है। यह ज्ञान की वृद्धि संज्ञानात्मक, भावात्मक और क्रियात्मक क्षेत्र में होती है।

**81.** (D) **82.** (D) **83.** (A) **84.** (A) **85.** (C)
**86.** (C) **87.** (C) **88.** (A) **89.** (D) **90.** (C)
**91.** (B) **92.** (C) **93.** (B)

**94.** (A) RSPQ

**95.** (A) QPSR

**96.** (B) after

**97.** (B) a sudden

**98.** (C) 'a depth' के स्थान पर the depth होगा।

**99.** (C) **100.** (A)

# प्रैक्टिस सैट-2

## भाग-1
## सामान्य मानसिक योग्यता

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 3 तक)**

A, B, C, D, E तथा F एक छः मंजिला इमारत में रहते हैं। A चौथी तथा F सबसे निचली मंजिल पर रहता है। B, A से ऊपर तथा लेकिन ठीक ऊपर नहीं रहता है। C और F के बीच केवल एक आदमी रहता है, जो D नहीं है।

**1.** सबसे ऊपर कौन रहता है ?
(A) C (B) A
(C) D (D) B

**2.** ठीक मध्य रहने वाले व्यक्ति हैं
(A) DA (B) AC
(C) CE (D) CF

**3.** तीसरी मंजिल पर रहता है—
(A) A (B) B
(C) C (D) E

**4.** यदि किसी निश्चित कूटभाषा में 'BUILDER' को 'JVCKSFE' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'SEALING' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?
(A) BTFKHOJ (B) JOHKBFT
(C) BFTKJOH (D) BFTKHOJ

**5.** P, Q, R, S और T में प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। Q केवल T से छोटा है और S, P तथा Q से छोटा है। उन सभी में सबसे छोटा कौन है ?
(A) P (B) R
(C) S (D) आँकड़े अपर्याप्त

**6.** किसी निश्चित कूट भाषा में 'Monday is a holiday' को 'sa da pa na' लिखा जाता है और 'they enjoy a holiday' को 'da na ta ka' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'Monday' को कैसे लिखा जाएगा ?
(A) sa (B) pa
(C) sa या pa (D) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 7 से 10 तक)**

दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।

A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। A, C के बाएँ तीसरा तथा E के दाएँ दूसरा है। B, D के दाएँ दूसरा है, जो कि E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। H, F के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। G, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

**7.** यदि दक्षिणावर्त दिशा में गिनती की जाए, तो निम्न में से किस जोड़े में उनके बीच केवल एक व्यक्ति बैठा हुआ है ?
(A) F, G (B) H, G
(C) H, C (D) H, B

**8.** E के दाएँ तीसरे स्थान पर कौन बैठा हुआ है ?
(A) D (B) F
(C) G (D) B

**9.** A के सन्दर्भ में G का स्थान क्या है ?
(A) A के एकदम दाएँ
(B) A के बाएँ दूसरा
(C) A के दाएँ तीसरा
(D) A के बाएँ तीसरा

**10.** E और A के बीच कौन व्यक्ति बैठा हुआ है ?
(A) F (B) G
(C) H (D) B

**निर्देश (प्रश्न संख्या 11 से 13 तक)**

एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।

**11.** ?, मिट्टी का तेल, डीजल, ईंधन तेल
(A) चिकनाई तेल (B) डामर
(C) पेट्रोल (D) मोम

**12.** 105, 130, 180, 255, ?
(A) 345 (B) 365
(C) 355 (D) 335

**13.** MNP, STV, YZB, ?
(A) GHJ (B) JKM
(C) EFH (D) CDB

**निर्देश (प्रश्न संख्या 14 एवं 15 के लिए)**

दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए।

**14.** GI : HJ : : PR : ?
(A) QR (B) PO
(C) QS (D) NO

**15.** एड्स : वायरस : : मलेरिया : ?
(A) प्रोटोजोआ (B) जीवाणु
(C) कवक (D) शैवाल


**निर्देश (प्रश्न संख्या 16 एवं 17 के लिए)**

दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या युग्म को चुनिए।

**16.** (A) तमिलनाडु (B) केरल
(C) आन्ध्र प्रदेश (D) दिल्ली

**17.** (A) 2308 (B) 3412
(C) 4520 (D) 6742

**18.** वह आरेख चुनिए, जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच के सम्बन्ध का सही निरूपण करता है।
यूरोप, इटली, दिल्ली, रोम



(A) (B) (C) (D)

**19.** यदि 'A' का अर्थ 'जोड़' है, 'C' का अर्थ 'भाग' है, 'D' का अर्थ 'गुणा' है, और 'B' का अर्थ 'घटाना' है, तो—
72 C 9 D 2 B 6 A 10 C 2 A 5 = ?
(A) 30 (B) 20
(C) 35 (D) 40

**20.** निम्नलिखित प्रश्न में अक्षरों का कौन-सा समूह खाली स्थानों पर क्रमवार रखने से दी गई अक्षर शृंखला को पूरा करेगा ?
_c_ab_ca_cc_bc_a
(A) bacbcb (B) acbbba
(C) bccbac (D) cbabab

**21.** यदि 38 + 15 = 66 और 29 + 36 = 99, तो 82 + 44 = ?
(A) 77 (B) 88
(C) 80 (D) 94

**22.** यदि A = 1, तो LOCK और KEY के बीच का अन्तर क्या है ?
(A) 10 (B) 20
(C) 0 (D) इनमें से कोई नहीं

**23.** 40 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में Q बाएँ सिरे से 14वाँ है और Q एवं M के बीच 16 विद्यार्थी हैं। पंक्ति में दाएँ सिरे से M की स्थिति क्या है ?
(A) 11वाँ (B) 10वाँ
(C) 12वाँ (D) 14वाँ

**24.** यदि 'सफेद' का अर्थ 'काला', 'काले' का अर्थ 'लाल', 'लाल' का अर्थ 'नीला', 'नीले' का अर्थ 'पीला' और 'पीले' का अर्थ 'ग्रे' है, तो निम्न में से कौन साफ आकाश के रंग को दर्शाता है ?

(A) नीला (B) लाल

(C) पीला (D) ग्रे

**25.** एक लड़का अपने घर से मोटर साइकिल चलाना शुरू करता है और पश्चिम दिशा में 8 किमी जाता है, फिर बाएँ मुड़कर 10 किमी जाता है। वहाँ से, वह फिर घड़ी की सुई से चलने की दिशा में 180º घूमकर आगे 16 किमी जाता है। अन्त में, वह दाएँ मुड़कर और 8 किमी जाता है। वह अब अपने मूल स्थान से कितनी दूरी पर और किस दिशा में है ?

(A) 6 किमी, उत्तर (B) 10 किमी, दक्षिण

(C) 12 किमी, पश्चिम (D) 6 किमी, पूर्व

**26.** यदि किसी निश्चित कूट भाषा में 'CURATIVE' को 'BSVDDUHS' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'STEAMING' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(A) BFUTFMHL (B) TUFBFMHL

(C) BFUTLHMF (D) BFUTHOJN


**27.** लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 |
| 2 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 3 |
| 21 | 98 | ? |

(A) 85 (B) 94

(C) 104 (D) 49


**28.** दी गई आकृति में कौन-सा अक्षर उन महिलाओं को दर्शाता है, जो डॉक्टर और सर्जन दोनों हैं ?




(A) M (B) G

(C) Q (D) P

**29.** एक पासे की चार स्थितियाँ दी गई हैं। 4 अंक वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा ?




(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 5

**30.** दिए गए विकल्पों में से लुप्त अक्षर ज्ञात कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| F | I | O |
| A | J | K |
| E | M | ? |

(A) P (B) R

(C) S (D) V

## भाग-2
## सामान्य ज्ञान

**31.** 'वेद' शब्द का अर्थ है—

(A) ज्ञान (B) बुद्धिमत्ता

(C) कुशलता (D) शक्ति

**32.** भारत में वर्ण व्यवस्था किसलिए बनाई गई थी ?

(A) श्रमिक गतिहीनता

(B) श्रम की गरिमा को मान्यता देने

(C) आर्थिक उत्थान

(D) व्यावसायिक श्रम विभाजन

**33.** वैदिक आर्यों का प्रमुख भोजन था—

(A) जौ और चावल

(B) दूध और इसके उत्पाद

(C) चावल और दालें

(D) सब्जियाँ और फल

**34.** सल्तनत वंश की विशालतम स्थायी सेना, जिसका भुगतान सीधा राज्य द्वारा किया जाता था, बनाई थी—

(A) इल्तुतमिश ने

(B) अलाउद्दीन खिलजी ने

(C) मोहम्मद–बिन–तुगलक ने

(D) सिकन्दर लोदी ने

**35.** निम्नलिखित में से भारत पर पहली बार आक्रमण करने वाले कौन थे ?

(A) अफगान (B) मंगोल

(C) अरब (D) तुर्क

**36.** 1540 ई. में किस युद्ध के पश्चात् हुमायूँ को हिन्दुस्तान से बाहर कर दिया गया था ?

(A) चौसा (B) दौरा

(C) सूरजगढ़ (D) कन्नौज

**37.** जब लॉर्ड माउण्टबेटन भारत के प्रथम गवर्नर जनरल बने, उस समय निम्नलिखित में से कौन पाकिस्तान के गर्वनर जनरल बने ?

(A) लॉर्ड माउण्टबेटन

(B) एम.ए. जिन्ना

(C) लियाकत अली खान

(D) शौकत अली

**38.** सत्याग्रह के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—

1. इसका प्रथम प्रयोग गाँधी जी के द्वारा दक्षिण अफ्रीका में किया गया।
2. इसका प्रथम प्रयोग भारत में चम्पारण में किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2

(D) न ही 1 और न ही 2

**39.** भूदान आन्दोलन किसने प्रारम्भ किया था ?

(A) महात्मा गाँधी (B) जयप्रकाश नारायण

(C) विनोबा भावे (D) राममोहर लोहिया

**40.** वायुमण्डल में ओजोन छिद्र मुख्यतः की मौजूदगी में होता है—

(A) ऑक्सीजन

(B) हाइड्रोजन

(C) क्लोरो–फ्लोरो कार्बन

(D) विघटनाभिक अपशिष्ट (रेडियोधर्मी अपशिष्ट)

**41.** किस भारतीय राज्य की तटरेखा सबसे लम्बी है ?

(A) आन्ध्र प्रदेश (B) महाराष्ट्र

(C) ओडिशा (D) तमिलनाडु

**42.** दामोदर नदी को 'बंगाल का शोक' कहा जाता है, क्योंकि—

(A) इसमें प्रायः तबाही मचाने वाली बाढ़ आती है

(B) इससे अधिकतम मश्दा अपरदन होता है

(C) इससे इनके खतरनाक झरने बन जाते हैं

(D) यह बारहमासी नदी नहीं है

**43.** जहाँ नदी मुड़ती है, नदी तट सबसे कमजोर होता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि पानी—

(A) मोड़ के भीतरी किनारे पर सान्द्र होकर उसे घना कर देता है

(B) जैसे ही किनारे पर अतिरिक्त दाब लगाते हुए मुड़ता है बाहरी किनारे से प्रभावी रूप से उछलता है

(C) जैसे ही मुड़ता है, तेजी से बहने लगता है

(D) मोड़ पर किनारे के साथ अधिक प्रभावी रूप से प्रतिक्रिया करता है

**44.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक भूमिगत जल–क्रिया का परिणाम नहीं है ?

(A) हिमलुम्बी (B) प्रतिहिमलुम्बी

(C) चोर–द्वार छिद्र (D) दन्तुर तट

**45.** किस प्रदेश में पूरे साल वर्षा होती है ?

(A) भूमध्यसागरीय

(B) विषुवतीय

(C) उष्ण कटिबन्धीय

(D) शीतोष्ण

**46.** संविधान की प्रस्तावना में भारत को कहा गया है—

(A) सर्वसत्ताधारी, लोकतान्त्रिक, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष गणराज्य

(B) समाजवादी, लोकतान्त्रिक, धर्मनिरपेक्ष गणराज्य

(C) लोकतान्त्रिक, सर्वसत्ताधारी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी गणराज्य

(D) सर्वसत्ताधारी, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतान्त्रिक गणराज्य

**47.** संविधान में 'मौलिक कर्त्तव्य' किस संशोधन द्वारा जोड़े गए थे?

(A) 40वाँ संशोधन (B) 42वाँ संशोधन

(C) 44वाँ संशोधन (D) 45वाँ संशोधन

**48.** निम्नलिखित में से किस वर्ष सिक्किम को राज्य का दर्जा दिया गया था ?

(A) वर्ष 1973 में (B) वर्ष 1974 में

(C) वर्ष 1975 में (D) वर्ष 1976 में

**49.** ONGC, OIC, NTPC तथा SAIL के बाद जिस 'नवरत्न' PSU को 'महारत्न' का दर्जा दिया गया है, वह है—

(A) HAL

(B) GAIL

(C) Coal India Ltd.

(D) BHEL

**50.** गुरुत्वाकर्षण नियम की परिभाषा किसने की थी?

(A) न्यूटन (B) आर्किमिडीज

(C) गैलीलियो (D) फैराडे

## भाग-3
## शैक्षणिक अभिरुचि

**51.** निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प शिक्षा मनोविज्ञान की एक सीमा है ?

(A) बाल विकास की विभिन्न अवस्थाओं का ज्ञान

(B) कक्षा की समस्याओं का समाधान

(C) बालक केन्द्रित शिक्षा

(D) वैयक्तिक विभिन्नताओं की समस्या

**52.** विकास का शिरःपदाभिमुख दिशा सिद्धान्त व्याख्या करता है कि विकास इस प्रकार आगे बढ़ता है—

(A) सामान्य से विशिष्ट कार्यों की ओर

(B) भिन्न से एकीकृत कार्यों की ओर

(C) सिर से पैर की ओर

(D) ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों की ओर

**53.** विकास ..... से ..... की ओर बढ़ता है—

(A) सामान्य ⟶ विशिष्ट

(B) जटिल ⟶ कठिन

(C) विशिष्ट ⟶ सामान्य

(D) साधारण ⟶ आसान

**54.** रमेश तथा अंकित की समान बुद्धि–लब्धि 120 है। रमेश अंकित से दो वर्ष छोटा है। यदि अंकित की आयु 12 वर्ष हो, तो रमेश की मानसिक आयु होगी

(A) 9 वर्ष (B) 10 वर्ष

(C) 12 वर्ष (D) 14 वर्ष

**55.** "व्यावहारिक बुद्धि का अर्थ है कि बुद्धि संस्कृति का उत्पाद होती है।" यह किसका कथन है ?

(A) स्टेर्नबर्ग (B) वाइगॉट्स

(C) सैलोवी (D) मेयर

**56.** व्यक्तित्व विकास की अवस्था है

(A) अधिगम एवं वृद्धि

(B) व्यक्तिवृत्त अध्ययन

(C) उपचारात्मक अध्ययन

(D) इनमें से कोई नहीं

**57.** व्यक्तित्व स्थायी समायोजन है

(A) पर्यावरण के साथ

(B) जीवन के साथ

(C) प्रकृति के साथ

(D) ये सभी

**58.** "व्यक्ति में उन मनोशारीरिक अवस्थाओं का गतिशील संगठन, जो उसके पर्यावरण के साथ अद्वितीय सामंजस्य निर्धारित करता है।", कहलाता है।

(A) व्यक्तित्व (B) समायोजन

(C) संवेदना (D) चरित्र

**59.** थॉर्नडाइक के व्यक्तित्व के वर्गीकरण का आधार है

(A) शारीरिक गठन और शक्लसूरत

(B) रचनात्मकता और मौलिकता

(C) समायोजन और बुद्धि

(D) चिन्तन और कल्पना

**60.** निम्न में से कौन–सा चिन्तन की प्रक्रिया में सबसे कम महत्वपूर्ण है ?

(A) चित्र

(B) प्रतीक एवं चिह्न

(C) मांसपेशीय क्रियायें

(D) भाषा

**61.** जिन कौशलों का पारस्परिक पेन–पेपर परीक्षा के माध्यम से आकलन नहीं हो सकता वे हैं

(A) सुनना और बोलना

(B) पढ़ना और बोलना

(C) लेखन और सुनना

(D) पढ़ना और सुनना

**62.** पृथक–पृथक समजातीय समूहों के व्यक्तियों के प्रति बच्चों की अभिवृत्ति साधारणतया आधारित होती है

(A) उनके अभिभावकों की चित्तवृत्ति पर

(B) उनमें समकक्षीयों की अभिवृत्ति पर

(C) दूरदर्शन के प्रभाव पर

(D) उनके सहोदरों की अभिवृत्ति पर

**63.** हम सभी अपनी बुद्धि, प्रेरणा, अभिरुचि आदि के सन्दर्भ में भिन्न होते हैं। यह सिद्धान्त सम्बन्धित है।

(A) वैयक्तिक भिन्नता से

(B) बुद्धि के सिद्धांतों से

(C) वंशानुक्रम से

(D) पर्यावरण से

**64.** अध्ययन की दृष्टि से व्यक्तिगत विभिन्नताओं का महत्व है—

(A) विद्यार्थियों की व्यक्तिगत शिक्षण व्यवस्था

(B) व्यक्तिगत रुचियों के अनुसार गृह कार्य देना

(C) विद्यार्थियों का समरूप समूहों में वर्गीकरण

(D) उपर्युक्त सभी

**65.** कक्षा में विद्यार्थियों के वैयक्तिक विभेद

(A) लाभकारी नहीं है, क्योंकि अध्यापकों को वैविध्यपूर्ण कक्षा को नियंत्रित करने की आवश्यकता है

(B) हानिकारक हैं, क्योंकि इनसे विद्यार्थियों में परस्पर द्वन्द्व उत्पन्न होते हैं

(C) अनुपयुक्त हैं, क्योंकि ये सर्वाधिक मन्द विद्यार्थी के स्तर पर पाठ्यचर्या के स्थानांतरण की गति को कम करते हैं

(D) लाभकारी हैं, क्योंकि ये विद्यार्थियों की संज्ञानात्मक संरचनाओं को खोजने में अध्यापकों को प्रवृत्त करते हैं

**66.** सतत् और व्यापक मूल्यांकन ......... पर बल देता है।

(A) बोर्ड परीक्षाओं की अनावश्यकता पर

(B) सीखने को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्केल पर निरंतर परीक्षण

(C) सीखने को किस प्रकार अवलोकित, रिकॉर्ड और सुधारा जाए इस पर

(D) शिक्षण के साथ परीक्षाओं का सामंजस्य

**67.** सतत एवं व्यापक मूल्यांकन किस लिए आवश्यक है ?

(A) शिक्षण के साथ परीक्षण का तालमेल बैठाने के लिए

(B) शिक्षा बोर्ड की जवाबदेही कम करने के लिए

(C) जल्दी–जल्दी की जाने वाली गलतियों को सुधारना

(D) यह समझने के लिए कि अधिगम का किस प्रकार अवलोकन किया जाता है, दर्ज किया जाता है व सुधार किया जा सकता है।